दिन–मंगलवार दिनांक– 04 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव परिणामों में एनडीए को स्पष्ट बहुमत। भाजपा 239 सीटों पर विजय की ओर।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने–अपने संसदीय क्षेत्रों में जीत हासिल की। अमेठी से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की हार।

03. बिहार में एनडीए तीस सीटों पर जीत की ओर। इंडी गठबंधन के खाते में आ रही है 9 सीटें। भाजपा और जदयू के खाते में 12–12 सीट, लोजपा आर को पांच सीटों पर निर्णायक बढ़त। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने 01 सीट पर जीत हासिल की।

04. और, इंडी गठबंधन में राजद 4, कांग्रेस 3 और भाकपा–माले 02 सीटों पर आगे। निर्दलीय पप्पू यादव भी पूर्णियां सीट से जीत की ओर।

---

18वीं लोकसभा के चुनाव के नतीजों और ताजा रूझानों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बहुमत प्राप्त कर लिया है।

चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा 99 सीटें जीत चुकी हैं। वहीं, एक सौ 140 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस 41 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है जबकि 58 सीटों पर आगे चल रही है।

अब तक घोषित रूझानों और परिणामों के अनुसार एनडीए 184 सीटों पर बढ़त बना चुकी है। वहीं, इंडी गठबंधन 146 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, अन्य के खाते में 08 सीटे जाती हुई नजर आ रही है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार वाराणसी सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के अजय राय को 01 लाख 52 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया है। रायबरेली सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को तीन लाख 90 हजार से अधिक मतों से हरा दिया है। केरल की वायनाड सीट से भी राहुल गांधी ने तीन लाख 64 हजार से अधिक मतों से जीत गये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने लखनऊ, अमित शाह ने गांधीनगर से, अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर, भुपेन्द्र यादव ने अलवर, धमेन्द्र प्रधान ने संबलपुर, नितिन गडकरी ने नागपुर और ओम बिड़ला ने कोटा

से जीत दर्ज की है। वहीं, अमेठी से कांग्रेस के किशोरी लाल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को 1 लाख 67 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी झारखंड के खुंटी से हार का सामना करना पड़ा है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की कल नई दिल्ली में बैठक बुलाई गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार और टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। बैठक में आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी।

———————————————————————————

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव परिणामों को जनता का चुनाव परिणाम बताया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि परिणामों में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री की नैतिक और राजनीतिक पराजय है।

———बाईट———

———————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं की कल नई दिल्ली में बैठक होगी। नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी ने कहा कि सभी घटक दलों की बैठक में आगे रणनीति पर चर्चा की जाएगी और एक साझा प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से एनडीए तीस सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है। गठबंधन में भाजपा और जदयू के खाते में 12—12 सीट और लोजपा आर को पांच सीटों पर निर्णायक बढ़त मिल चुकी है। वहीं, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने 01 सीट पर जीत हासिल की है। इंडी गठबंधन के 9 सीटों पर निर्णायक बढ़त बना चुका है। राजद 04 कांग्रेस 3 और भाकपा—माले के 2 उम्मीदवार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं।

———————————————————————————

चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के कुमार सर्वजीत पर एक लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। उधर, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर ने राजद के ललित यादव को एक लाख अठहत्तर हजार से अधिक मतों से पराजित किया। उजियारपुर से भाजपा के नित्यानंद राय ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। वहीं, पूर्वी चम्पारण से पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार ने भी जीत दर्ज की है। शिवहर से जदयू की लवली आनंद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद की रितु जायसवाल को 29 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। गोपालगंज से जदयू के आलोक सुमन ने 01 लाख 27 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। अररिया से भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह ने 20 हजार से अधिक मतों से राजद के शाहनवाज को पराजित कर दिया है। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति, रामविलास की शांभवी चौधरी ने अपने निकटतम उम्मीदवार कांग्रेस के सन्नी हजारी पर 01 लाख 87 हजार मतों से जीत हासिल कर ली है। इसके साथ ही उन्होंने इस बार के लोकसभा चुनाव में सबसे कम उम्र की सांसद बनने का गौरव हासिल किया है।

इंडी गठबंधन से कटिहार से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के दुलाल चन्द्र गोस्वामी को 45 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। हाजीपुर से लोक जनशाक्ति पार्टी के चिराग पासवान, सुपौल से जदयू के दिलेश्वर कामैत, बांका से जदयू के गिरिधारी यादव, बेगूसराय से भाजपा के गिरिराज सिंह, वैशाली से लोजपा, आर की वीणा देवी, खगड़िया से लोजपा आर के राजेश वर्मा और मधेपुरा से जदयू के दिनेश चन्द्र यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर निर्णायक बढ़त बना चुके हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव में इस बार कई दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ रहा है। इन नेताओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। वहीं, कई राजनीतिक परिवारों के उम्मीदवारों को भी हार का सामना करना पड़ा है। इसमें राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र और समस्तीपुर से कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी, महाराजगंज से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश सिंह और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री तथा सारण से पार्टी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य शामिल हैं। इधर, भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक पवन सिंह को भी काराकाट संसदीय क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा है। पूर्णियां

संसदीय सीट से राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रही हैं। उन्हें केवल बाईस हजार 9 सौ 89 मत प्राप्त हुये हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर अपना भरोसा जताया है जो भारत के इतिहास का एक अभूतपूर्व पल है। उन्होंने इस स्नेह और आर्शीवाद के लिए देशवासियों के प्रति आभार जताया। श्री मोदी ने कहा कि देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एनडीए नयी ऊर्जा, नये उमंग और नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ेगा।

———————————————————————————

बिहार लोकसभा चुनाव में जदयू ने शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक के नतीजों और रूझानों के अनुसार जदयू के सोलह में से बारह उम्मीदवारों ने जीत दर्ज करने के साथ बड़ी बढ़त बनाए हुये हैं। इंडी गठबंधन से संपर्क की खबरों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने स्पष्ट किया कि नीतीश कुमार एनडीए में थे और एनडीए में ही रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। पार्टी ने अपने कोटे की सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। हाजीपुर से बड़ी जीत दर्ज करने वाले पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए गठबंधन को जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है और उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में बनने वाली सरकार को अपना पूरा सहयोग देगी।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम आशा के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी परिणामों की समीक्षा करेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता कमल नोपानी ने पार्टी की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों पर एक बार फिर भरोसा जतााया है।

---बाईट---

---

दरभंगा से भाजपा के उम्मीदवार गोपालजी ठाकुर ने कहा है कि मिथिलांचल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये कार्यों की वजह से जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया है। उन्होंने जनता का आभार भी जताया।

---बाईट---

---

लोकसभा चुनाव में राज्यसभा के दो सांसद भी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर और पाटलिपुत्र से मीसा भारती राज्यसभा सदस्य हैं। ये दोनों ही अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों से विजयी हुए हैं।

---

इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की चालीस सीटों में एनडीए से भाजपा ने सत्रह उम्मीदवार दिये थे। वहीं, जदयू के सोलह, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के पांच, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के एक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। वहीं, इंडी गठबंधन से राजद के तेईस, कांग्रेस के नौ, विकासशील इंसान पार्टी के तीन, भाकपा माले के तीन और सीपीआई तथा सीपीएम के एक–एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

---

वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव परिणामों में बिहार में एनडीए को चालीस में से उनतालीस सीटों पर जीत मिली थी। एनडीए से भाजपा सत्रह, जदयू सोलह और लोक जनशक्ति पार्टी के छह उम्मीदवार विजयी हुये थे। वहीं, तत्कालीन महागठबंधन से कांग्रेस के एक मात्र उम्मीदवार को जीत मिली थी।

---

बिहार के रहने वाले चार प्रमुख नेता दूसरे राज्यों से भी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टीएमसी के टिकट पर शत्रुघ्न सिन्हा ने जीत दर्ज की है, जबकि वर्द्धमान दुर्गापुर से कीर्ति आजाद ने जीत दर्ज की है। इधर, नई

दिल्ली के उत्तर–पूर्व क्षेत्र से भाजपा के मनोज तिवारी ने कांग्रेस के कन्हैया कुमार को पराजित कर दिया है।

———————————————————————————

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव में भाकपा–माले के शिव प्रकाश रंजन ने निर्णायक बढ़त बना ली है। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद से 18 हजार 447 मतों से आगे हैं। इस सीट पर तत्कालीन भाकपा–माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाये जाने के बाद उप चुनाव कराया गया था।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव परिणामों में एनडीए को स्पष्ट बहुमत। भाजपा 239 सीटों पर विजय की ओर।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने–अपने संसदीय क्षेत्रों में जीत हासिल की। अमेठी से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की हार।

03. बिहार में एनडीए तीस सीटों पर जीत की ओर। इंडी गठबंधन के खाते में आ रही है 9 सीटें। भाजपा और जदयू के खाते में 12–12 सीट, लोजपा आर को पांच सीटों पर निर्णायक बढ़त। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने 01 सीट पर जीत हासिल की।

04. और, इंडी गठबंधन में राजद 4, कांग्रेस 3 और भाकपा–माले 02 सीटों पर आगे। निर्दलीय पप्पू यादव भी पूर्णियां सीट से जीत की ओर।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।